Bareilly, Sunday,
29 October 2023
BAREILLY EDITION
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 04 BOTTOM

घर-घर जाकर किया जा रहा अवेयर

वयोवृद्ध डॉ. डीपी मनचंदा और डॉ. एचबी गुप्ता को किया सम्मानित

सीनियर डॉक्टर्स को किया गया सम्मानित.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (28 Oct): श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने 40वीं वार्षिक कांफ्रेंस यूपी एपिकॉन के अवसर पर कहा कि लोगों को स्वस्थ रखने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का उन तक पहुंचना जितना जरूरी है, उतना ही लोगों का जागरूक होना भी. इसके लिए श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ मेडिकल साइंसेज की ओर से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं. पैलेस ऑन व्हील्स और टेलीमेडिसिन बस ऐसी ही प्रोजेक्ट हैं. इसके माध्यम से मरीजों के घर के दरवाजे पर ही उन्हें जागरूक किया जाता है और उनकी जांच भी की जा रही है. 50 रुपए की मामूली राशि में हम मैमोग्राफी कर कैंसर की रोकथाम करने का प्रयास कर रहे हैं.

10 साइंटिफिकेशन हुए

एसआरएमएस के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, विशिष्ट अतिथि इंडियन कॉलेज ऑफ फिजीशियन के डीन डॉ. ज्योतिर्मय पाल, प्रिंसिपल एयरमार्शल रिटायर्ड डॉ. एमएस बुटोला, कांफ्रेन्स के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. केके सावलानी, यूपीएपीआई के इलेक्ट चेयरमैन डॉ. सेवल चक्रवर्ती, यूपीएपीआई के सेक्रेटरी डॉ. एससी चौधरी, कांफ्र ेस की आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. स्मिता गुप्ता, कांफ्र ेस के आर्गनाइजिंग चेयरमैन व आईएमए बरेली के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव गोयल और डॉ. एमपी रावल ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन सत्र का आरंभ किया. यूपीएपीआई के नवनिर्वाचित डॉ. सेवल चक्रवर्ती को डॉ. एससी चौधरी ने चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी. इसके साथ ही वयोवृद्ध चिकित्सक मुरादाबाद के डॉ. डीपी मनचंदा और डॉ. एचबी गुप्ता को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया. डॉ. डीपी मनचंदा की अनुपस्थिति में उनका सम्मान डॉ. संजय ने ग्रहण किया. इस दौरान यूपीएपीआई के पूर्व चेयरमैन डॉ. संजय टंडन, पूर्व सचिव डॉ.मीनाक्षी जैन, डॉ. एके शुक्ला, डॉ. ऋचा गिरि और डॉ. एसके गौतम को भी सम्मानित किया गया. संचालन यूजी डीन डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा और जेआर डॉ. मुग्धा अवस्थी ने किया. इस मौके पर श्रीराम मूर्ति स्मारक मेडिकल साइंसेज की पूर्व निदेशक डॉ. निर्मल यादव, डॉ. राकेश मेहरोत्रा, डॉ.आरपी सिंह, कांफ्र ेस के कोआर्गनाजिंग सेक्रेटरी डॉ. दीपक दास और डॉ. नीरज कपूर सहित सभी एचओडी और फैकेल्टी मेंबर उपस्थित रहे.